प्रादेशिक समाचार
04.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष योग दिवस के प्रति लोगों में उत्साह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के लोगों का योगांध्र–2025 सराहनीय प्रयास है। प्रधानमंत्री ने लोगों से योग दिवस मनाने और योग को अपने जीवन का नियमित अंग बनाने का आह्वान किया।

********************

इधर जामताड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रति लोगों की जागरूकता तेजी से बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर ग्रामीण बच्चे और संस्थाएं नियमित योगाभ्यास कर रही हैं। शिक्षक स्वपन दत्त ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षण और सामाजिक संस्थानों में भी नियमित योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से लाभ मिल रहा है।

********************

आतंकवाद के विरूद्ध विश्व भर में भारत के दृढ़ रुख का संदेश देकर दो बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल स्वदेश लौट आए हैं। डीएमके सांसद कनिमोई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस की यात्रा की। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन की यात्रा की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर को इस यात्रा की जानकारी दी।

********************

रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद को लेकर आदिवासी बचाओ मोर्चा और केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा के आह्वान पर आज झारखंड बंद का असर राजधानी और ग्रामीण इलाकों में व्यापक रूप से देखा गया। टाटीसिलवे, कांके, मांडर, ओरमांझी सहित कई स्थानों पर बंद समर्थकों ने सड़कों पर टायर जलाकर जाम कर दिया। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। बंद समर्थक सड़कों पर उतरकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने आज दोपहर के कारोबार में वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के चलते मजबूती के साथ कारोबार किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 221 अंकों की बढ़त के साथ 80,959 पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 63 अंक चढ़कर 24,606 पर ट्रेड कर रहा था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नब्बासी हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख आठ हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

सरायकेला–खरसावां में बकरीद पर्व को लेकर उपद्रव और भीड़ नियंत्रण की तैयारी के तहत आज दुगनी पुलिस लाइन में एंटी रायट (**riot**) मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास में विभिन्न थानों से आए पुलिसकर्मियों और दंगा रोधी उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया गया।

********************

लोहरदगा में लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन के द्वारा चार दिवसीय शूटिंग समर कैम्प–सह–टैलेंट हंट का आयोजन किया गया।

********************

राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में बादल और बारिश से गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने कल राज्य के मध्यवर्ती जिलों में बारिश की संभावना जताई है। रांची में बीते 24 घंटों के दौरान 15.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि कई जिलों का तापमान 33 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

**********समाप्त**********